थारी हो रही जय जय कार

थारो सुंदर रूप सलोना, तेरी देख छबि दिल भरे ना,
तू है जादूगर सरकार, थारी हो रही जय जय कार,
म्हारो सालासर सरकार, थारी हो रही जय जय कार ॥

मुकुट तेरे की शोभा न्यारी, नैनों में कजरा साजे,
मुख तेरे पे रंग सिंधूरी, सभी के मन को भाये,
तू है खुशियों भरा खजाना, मन हो जाये मस्ताना,
थाने देखे जो इक बार, थारी हो रही जय जय कार,
म्हारो सालासर सरकार, थारी हो रही जय जय कार......

रतन जड़ित श्रृंगार तेरा, थारे पाँव पैजनिया बाजे,
कानन कुण्डल तिलक विशाला, मुख में बीड़ा साजे,
है ये अभिलाषा मन में, बस जाओ इन अखियन में,
बाबा दर्शन दो इक बार, थारी हो रही जय जय कार,
म्हारो सालासर सरकार, थारी हो रही जय जय कार......

भगतन के संकट सब हरते, श्री राम के काज संवारे,
मेहंदीपुर में ठाठ बड़े हैं, पिशाच निकट नहीं आवे,
म्हारो सालासर खिवैया, म्हारी पार लगादो नईया,
अब तुम्ही खेवनहार, थारी हो रही जय जय कार,
म्हारो सालासर सरकार, थारी हो रही जय जय कार......

'ठाकुर' तेरो रसिक पुरानो, चाहूं चरणन की सेवा,
कृपा दृष्टि बना के रखियो, छूट ना जाये सेवा,
बस आखिरी है ये आशा, तेरी दीद का हूँ मैं प्यासा,
म्हारी विनय मानो सरकार, थारी हो रही जय जय कार,
थारो सुंदर रूप सलोना, तेरी देख छबि दिल भरे ना,
तू है जादूगर सरकार, थारी हो रही जय जय कार.....
जय बजरंगी जय हनुमान जय बजरंगी जय हनुमान
जय बजरंगी जय हनुमान जय बजरंगी जय हनुमान

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23710/title/thari-ho-rahi-jai-jaikar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |